प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 17वें रोज़गार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित होने वाले मेले में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे। राजधानी शिमला में भी यह कार्यक्रम बैम्लोई स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर केन्द्रीय उपभोक्ता मामले और सामाजिक न्याय व आधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे जहां वह बुंबलू में हैलीपैड का विधिवत उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान बड़सर में नवनिर्मित मिनी सचिवालय का भी उदघाटन करेंगे। बड़सर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य उपकेंद्र बणी के भवन का लोकार्पण करेंगे और मान खड्ड पर बनने वाले चैक डैम व धनेटा–बड़सर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मिनी सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

जीएसटी सुधार–कृषि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितंबर को घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। जी एस टी सुधारों से कृषि क्षेत्र और किसानों को हो रहे लाभ पर पेश है एक रिपोर्ट

योजना

शिमला शहर में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित 570 करोड़ की चौबासों घंटे सातों दिन निर्बाध पानी की योजना के तहत कार्य तेजी से जारी है। सतलुज जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर में मशोबरा से पहले चरण मे यह सुविधा इस वर्ष के अंत तक शुरू होगी और इसके बाद ढली और संजौली क्षेत्रों को योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना से शहर में 42 मिलीयन लीटर पानी हर रोज उपलब्ध होगा और अगले 50 वर्षों तक की आपूर्ति की बढ़त को पूरा करने के लिए इस योजना को 65 मिलीयन लीटर तक बढ़ाया जा सकता है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। बीते कल पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के 6 जिलों में वर्षा, ओलावृष्टि और हिमपात हुआ जिससे प्रदेश भर में ठंड बढ़ गई है। इस दौरान लाहौल–स्पीति, कुल्लू और चम्बा जिले के ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज से 29 अक्तूबर तक प्रदेश भर में मौसम साफ बने रहने की संभावना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है हिमाचल में हो सकेगा हार्ट का एम आर आई।

मतदाता सूची के प्रारूप में लापरवाही बतरने पर नौ कर्मचारी किए निलंबित दैनिक जागरण की एक खबर है।

दैनिक भास्कर के अनुसार प्रदेश में निर्मित 49 दवाइयों समेत 112 दवाओं के सैंपल फेल।

हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में बेटियों को नहीं मिलेगा पैतृक संपत्ति का अधिकार, हाईकोर्ट का फैसला खारिज अमर उजाला की एक खबर है।

पंजाब केसरी के अनुसार हिमाचली हितों व वित्तीय मामलों की पैरवी करने फिर दिल्ली जाएंगे सी एम सुक्खू।